# SIR CHHOTU RAM GOVERNMENT COLLEGE FOR WOMEN SAMPLA (ROHTAK)

"ऋते ज्ञानात् न मुक्तिः"




# ANNUAL REPORT

## 2024 - 2025

(NAAC Accredited and Affiliated to M.D. University, Rohtak)

# प्राचार्या सन्देश




प्रिय छात्राओं,

मुझे यह कहते हुए अत्यन्त गर्व हो रहा है कि आप सभी ने इस वर्ष अपनी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास से नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। यह वार्षिक रिर्पोट आपके परिश्रम, उपलब्धियों और समर्पण का प्रमाण है।

शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि आपके व्यक्तित्व के सम्पूर्ण विकास की नींव भी है। आपने शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के साथ–साथ खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों, समाजसेवा और नवाचार में भी अपनी क्षमताओं का परिचय दिया है। आपकी यह प्रतिबद्धता और दृढ़ संकल्प न केवल आपको सफलता की ओर ले जाएगा बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

मैं आप सभी से यह आग्रह करती हूँ कि आत्मनिर्भर बनें अपने सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रयास करें और कभी भी कठिनाईयों से पीछे न हटें। सीखने की प्रक्रिया जीवन भर चलती रहेगी, इसलिए हर अवसर का लाभ उठाइए और अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहिए।

आपकी सफलता ही हमारी सबसे बड़ी प्रेरणा है। मैं आप सभी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देती हूँ और आशा करती हूँ कि आप इसी जोश और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ती रहेंगी।

**डॉ0 संतोष हुड्डा**

**(HES-1)**

## सर छोटू राम राजकीय महिला महाविद्यालयः एक संक्षिप्त परिचय

रोहतक जिले के ग्रामीण आंचल में रहने वाली लड़कियों को उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से सांपला खंड में हरियाणा सरकार ने 19 सितम्बर, 2000 को सर छोटूराम राजकीय महिला महाविद्यालय की नींव रखी तथा ग्रामीण परिवेश की लड़कियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे आने का मौका देकर इस इलाके को कृतार्थ किया। इस महाविद्यालय का प्रथम सत्र 31 अक्तूबर, 2000 से प्रारम्भ हुआ। यह महाविद्यालय किसान, निर्धन व पिछड़े वर्ग के मसीहा सर छोटूराम की पावन जन्मभूमि गढ़ी सांपला में स्थित है तथा इस खंड के गांव की लड़कियों के बौद्धिक, शारीरिक व मानसिक विकास की दिशा में महाविद्यालय महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। यह महाविद्यालय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 10 से डीघल जाने वाले मार्ग पर, पी0 डब्ल्यू0 डी0 के रेस्ट हाउस के पास 15 एकड़ के परिसर में फैला हुआ है। महाविद्यालय के प्रारम्भिक सत्र में 34 छात्राओं के प्रवेश से लेकर निरंतर बढ़ोतरी करते हुए आज वर्तमान में संख्या 1345 होना यह उद्घाटित करता है कि महिलाओं की उच्च शिक्षा तक पहुँच बनाने की हरियाणा सरकार की मनसा को पूर्ण करने में यह महाविद्यालय अग्रणी रहा है और सांपला खंड में स्थित गांव की लड़कियों की उच्च शिक्षा प्राप्त करने की अभिलाषा को पूर्ण कर रहा है। इस महाविद्यालय से कला, वाणिज्य, विज्ञान व आनर्स इतिहास में स्नातक और इतिहास, हिंदी व भूगोल विषय में स्नातकोत्तर की डिग्री अर्जित कर सकते हैं।



# महाविद्यालय स्टॉफ

प्राचार्या : डॉ0 संतोष हुड्डा (HES-1)

रेगुलर टीचिंग स्टाफ

| क्रमांक | नाम | पद | विभाग |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ0 चंद्र शेखर | प्रोफेसर | इतिहास |
| 2. | डॉ0 सुनील चौहान | एसोसिएट प्रोफेसर | अंग्रेजी |
| 3. | डॉ0 मांगेराम | प्रोफेसर | फिजिकल एजुकेशन |
| 4. | डॉ0 पदमा दलाल | असिस्टेंट प्रोफेसर | भूगोल |
| 5. | श्री सतीश कुमार | एसोसिएट प्रोफेसर | गणित |
| 6. | डॉ0 अनिल कुमार | असिस्टेंट प्रोफेसर | गणित |
| 7. | डॉ0 प्रीतम श्योराण | असिस्टेंट प्रोफेसर | अंग्रेजी |
| 8. | डॉ0 रितु | असिस्टेंट प्रोफेसर | कॉमर्स |
| 9. | मिस ममता | असिस्टेंट प्रोफेसर | कॉमर्स |
| 10. | श्री कृष्ण कुमार | असिस्टेंट प्रोफेसर | रसायन विज्ञान |
| 11. | श्रीमती मोनिका | असिस्टेंट प्रोफेसर | रसायन विज्ञान |
| 12. | श्रीमती सीमा रंगा | असिस्टेंट प्रोफेसर | रसायन विज्ञान |
| 13. | डॉ0 मीनाक्षी | असिस्टेंट प्रोफेसर | गणित |
| 14. | श्रीमती सपना | असिस्टेंट प्रोफेसर | राजनीति विज्ञान |
| 15. | श्री सुरेन्द्र | असिस्टेंट प्रोफेसर | इतिहास |
| 16. | डॉ0 प्रीति | असिस्टेंट प्रोफेसर | भूगोल |
| 17. | डॉ0 रितु | असिस्टेंट प्रोफेसर | भूगोल |
| 18. | डॉ0 सुप्रिया ढुल | असिस्टेंट प्रोफेसर | भूगोल |
| 19. | डॉ0 सविता हुड्डा | असिस्टेंट प्रोफेसर | हिन्दी |
| 20. | श्रीमती अनिता | असिस्टेंट प्रोफेसर | हिन्दी |
| 21. | डॉ0 पूनम (प्रतिनियुक्ति) | एसोसिएट प्रोफेसर | अर्थशास्त्र |

# एक्सटेंशन टीचिंग स्टाफ

| क्रमांक | नाम | पद | विभाग |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ रेखा | एक्सटेंशन लेक्चरर | अंग्रेजी |
| 2. | डॉ रश्मि | एक्सटेंशन लेक्चरर | अंग्रेजी |
| 3. | श्रीमती पंकज | एक्सटेंशन लेक्चरर | अंग्रेजी |
| 4. | डॉ0 इंदु बाला | एक्सटेंशन लेक्चरर | हिंदी |
| 5. | डॉ0 नीतू कुमारी | एक्सटेंशन लेक्चरर | हिंदी |
| 6. | डॉ0 यशवंती | एक्सटेंशन लेक्चरर | हिंदी |
| 7. | डॉ0 पूनम | एक्सटेंशन लेक्चरर | हिंदी |
| 8. | श्री सतेंद्र | एक्सटेंशन लेक्चरर | भूगोल |
| 9. | डॉ0 जगबीर | एक्सटेंशन लेक्चरर | भूगोल |
| 10. | श्रीमती नीलम | एक्सटेंशन लेक्चरर | भूगोल |
| 11. | डॉ0 संगीता | एक्सटेंशन लेक्चरर | इतिहास |
| 12. | डॉ0 मीना कुमारी | एक्सटेंशन लेक्चरर | राजनीति विज्ञान |
| 13. | श्री सुरेश | एक्सटेंशन लेक्चरर | कॉमर्स |
| 14. | डॉ0 परमजीत | एक्सटेंशन लेक्चरर | भौतिकी |
| 15. | श्री जसविंद्र | एक्सटेंशन लेक्चरर | भौतिकी |

# नॉन टीचिंग स्टाफ

| कार्यालय स्टाफ | | | लैब/टेक्निकल स्टाफ | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **क्रमांक** | **नाम** | **पद** | **क्रमांक** | **नाम** | **पद** |
| 1. | श्रीमती संतोष ग्रेवाल | डिप्टी सुपरीटेन्डेन्ट | 1. | श्री गुरदीप | एलए |
| 2. | श्री अशोक कुमार | असिस्टेंट | 2. | श्री अली मोहन | एलए |
| 3. | श्रीमती मोनिका | क्लर्क | 3. | श्री आनंद | कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर |
| 4. | श्री नितेश | क्लर्क | 4. | श्रीमती प्रियंका | कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर |
| 5. | श्री सुधीर | चपरासी | 5. | श्री रवि | कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर |
| 6. | श्रीमती मनीषा | चपरासी | | | |
| 7. | श्रीमती सुदेश | चपरासी | | | |
| 8. | श्री अनिल कुमार | माली एवं चौकीदार | **लाइब्रेरी स्टाफ** | | |
| 9. | श्री मंजीत कुमार | माली | 1. | श्री सोनू शर्मा | जूनियर लाइब्रेरियन |
| 10. | श्री राजपाल | चौकीदार | 2. | श्री राजेश दलाल | लाइब्रेरी अटेंडेट |
| 11. | श्रीमती सरस्वती | स्वीपर | | | |

# विश्वविद्यालय परीक्षा परिणाम

## विषम सत्र (2023-24)

| क्रम संख्या | कक्षा | कुल विधार्थी | पास विधार्थी | फेल विधार्थी | कॉलेज पास % | विश्वविद्यालय % | अंतर % |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बी.ए. प्रथम वर्ष | 297 | 109 | 188 | 35.79% | - | - |
| 2. | बी.ए. द्वितीय वर्ष | 340 | 190 | 150 | 55.88% | 41.90% | +13.98% |
| 3. | बी.ए. तृतीय वर्ष | 307 | 171 | 136 | 55.70% | 47.94% | +07.76% |
| 4. | बी.कॉम. प्रथम वर्ष | 20 | 10 | 10 | 50.00% | 23.19% | +26.81% |
| 5. | बी.कॉम. द्वितीय वर्ष | 22 | 14 | 08 | 63.63% | 39.71% | +23.92% |
| 6. | बी.कॉम. तृतीय वर्ष | 13 | 08 | 05 | 61.53& | 50.19% | +11.34% |
| 7. | बी.एसी. प्रथम वर्ष | 09 | 09 | 00 | 100% | - | - |
| 8. | बी.एसी. द्वितीय वर्ष | 22 | 21 | 01 | 95.45% | 57.57% | +37.88% |
| 9. | बी.एसी. तृतीय वर्ष | 36 | 33 | 03 | 91.66% | 63.81% | +27.85% |
| 10. | बी.ए. प्रथम वर्ष इतिहास ऑनर्स | 22 | 09 | 13 | 40.90% | 39.68% | +01.22% |
| 11. | बी.ए. द्वितीय वर्ष इतिहास ऑनर्स | 34 | 10 | 24 | 29.41% | 46.67% | -17.76% |
| 12. | बी.ए. तृतीय वर्ष इतिहास ऑनर्स | 25 | 16 | 09 | 64.00% | 61.11% | +2.89% |
| 13. | एम.ए. प्रथम वर्ष हिन्दी | 60 | 44 | 16 | 73.33% | - | - |
| 14. | एम.ए. द्वितीय वर्ष हिन्दी | 59 | 54 | 05 | 91.52% | 76.74% | +14.78% |
| 15. | एम.ए. प्रथम वर्ष इतिहास | 61 | 19 | 42 | 31.14% | 44.61% | -13.46% |
| 16. | एम.ए. द्वितीय वर्ष इतिहास | 58 | 48 | 10 | 82.78% | 66.47% | +16.31% |

# विश्वविद्यालय परीक्षा परिणाम
## सम सत्र (2023-24)

| क्रम संख्या | कक्षा | कुल संख्या विधार्थी | उत्तीर्ण विधार्थी | अनुत्तीर्ण विधार्थी | कॉलेज % | विश्वविद्यालय % | अंतर % |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बी.ए. प्रथम वर्ष | 295 | 118 | 177 | 40% | 35.79% | +4.21% |
| 2. | बी.ए. द्वितीय वर्ष | 340 | 171 | 169 | 50.29% | 45.54% | +4.75% |
| 3. | बी.ए. तृतीय वर्ष | 307 | 154 | 153 | 50.16% | 57.19% | -07.03% |
| 4. | बी.कॉम. प्रथम वर्ष | 20 | 12 | 08 | 60% | 20.87% | +39.13% |
| 5. | बी.कॉम. द्वितीय वर्ष | 22 | 19 | 03 | 86.36% | 42.90% | +43.46% |
| 6. | बी.कॉम. तृतीय वर्ष | 13 | 08 | 05 | 61.53% | 57.12% | +04.41% |
| 7. | बी.एसी. प्रथम वर्ष | 09 | 07 | 02 | 77.77% | 44.82% | +32.95% |
| 8. | बी.एसी. द्वितीय वर्ष | 22 | 21 | 01 | 95.45% | 58.19% | +37.26% |
| 9. | बी.एसी. तृतीय वर्ष | 36 | 34 | 02 | 94.44% | 73.43% | +21.01% |
| 10. | बी.ए. प्रथम वर्ष इतिहास ऑनर्स | 21 | 11 | 10 | 52.38% | 32.26% | +20.12% |
| 11. | बी.ए. द्वितीय वर्ष इतिहास ऑनर्स | 34 | 08 | 26 | 23.52% | 50.37% | -26.85% |
| 12. | बी.ए. तृतीय वर्ष इतिहास ऑनर्स | 25 | 01 | 24 | 04.00% | 18.25% | -14.25% |
| 13. | एम.ए. प्रथम वर्ष हिन्दी | 59 | 13 | 46 | 22.03% | 65.12% | -43.09% |
| 14. | एम.ए. द्वितीय वर्ष हिन्दी | 59 | 54 | 05 | 91.52% | 87.25% | +4.27% |
| 15. | एम.ए. प्रथम वर्ष इतिहास | 61 | 38 | 23 | 62.29% | 51.42% | +10.87% |
| 16. | एम.ए. द्वितीय वर्ष इतिहास | 59 | 44 | 15 | 74.57% | 63.76% | +10.81% |

# शैक्षणिक क्षेत्र में विश्वविद्यालय पोजीशन धारक

## विषम सेमेस्टर 2023-24

| कक्षा | पोजिशन | रजि. न. | नाम | पिता का नाम | मार्क्स % |
|---|---|---|---|---|---|
| बी.ए. प्रथम वर्ष इतिहास ऑनर्स | 2nd | 2316381324 | अनु | जलदान | 73.00% |
| बी.ए. प्रथम वर्ष इतिहास ऑनर्स | 3rd | 2316381320 | अशुंल | राजेश | 71.00% |
| बी.ए. प्रथम वर्ष इतिहास ऑनर्स | 4th | 2316381325 | मुक्ति | विजय कुमार | 70.50% |

## सम सेमेस्टर 2023-24

| कक्षा | पोजिशन | रजि. न. | नाम | पिता का नाम | मार्क्स % |
|---|---|---|---|---|---|
| बी.ए. प्रथम वर्ष इतिहास ऑनर्स | 1st | 2316381324 | अनु | जलदान | 73.00% |
| बी.ए. प्रथम वर्ष इतिहास ऑनर्स | 3rd | 2316381320 | अशुंल | राजेश | 71.00% |
| बी.ए. प्रथम वर्ष इतिहास ऑनर्स | 5th | 2316381325 | मुक्ति | विजय कुमार | 70.50% |
| बी.ए. प्रथम वर्ष इतिहास ऑनर्स | 7th | 2316381331 | रीतिका | जयसिंह | 68.50% |
| बी.ए. प्रथम वर्ष | 7th | 2316381353 | खुशी | सुदेश | 84.75% |

# महाविद्यालय टॉपर



**अन्नु**

बी. एससी. 85.75%



**मोनिका**

बी.ए. 78.25%



**मोनिका**

एम.ए. इतिहास 72.76%



**सीमा**

एम. ए हिन्दी 70.88%



**तन्नु रोहिल्ला**

बी. कॉम. 66.63%



**अंजली**

बी. ए. इतिहास ऑनर्स 63.18%

# सरकारी अनुदान

महानिदेशक, उच्चतर शिक्षा विभाग पंचकूला के माध्यम से हरियाणा सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए महाविद्यालय को कुल राशि 34,37,050 रुपये सरकारी अनुदान के रूप में अलॉट हुई जिसको डॉ0 मीनाक्षी, वित्त अनुदेशक, की देख–रेख में महाविद्यालय द्वारा खर्च किया गया।

| क्रमांक | मद | अलॉट राशि | खर्च राशि | बकाया |
|---|---|---|---|---|
| 1. | OE | 100000 | 80344 | 16238* |
| 2. | सेमिनार | 50000 | 40885 | 9115 |
| 3. | लाइब्रेरी | 1000000 | 859290 | 127398* |
| 4. | M&S | 295000 | NIL | 291128* |
| 5. | Sports | 40000 | 39825 | 175 |
| 6. | Science Exhibition | 18031 | 18018 | 13 |
| 7. | Training HRD | 57000 | 56881 | 119 |
| 8. | Earn While you learn | 75000 | 74600 | 400 |
| 9. | Placement Cell | 12760 | 12300 | 460 |
| 10. | Women Cell | 42284 | 38619 | 3665 |
| 11. | Energy Charge | 396916 | 396916 | NIL |
| 12. | Lab Augumentation | 34320 | – | 34285* |

Note : `*' चिन्हित करता है कि उपरोक्त राशि बिल Treasury स्तर पर बकाया हैं।

# छात्रवृति एवं अन्य सहायता

हरियाणा सरकार द्वारा योग्य और जरूरतमंद छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए छात्रवृति व अन्य सहायता प्रदान की जाती है। इसी अनुपालना में वर्ष 2024—25 के दौरान महाविद्यालय द्वारा श्रीमती सीमा रंगा, नोडल अधिकारी (स्कालरशिप) की देखरेख में विवरण अनुसार राशि छात्राओं को छात्रवृति व अन्य सहायता के रूप में वितरित की गई।

| क्रम संख्या | छात्रवृति का नाम | लाभान्वित विद्यार्थियों की संख्या | छात्रवृति की राशि वार्षिक (प्रति छात्र) |
|---|---|---|---|
| 1. | हरियाणा के सरकारी कॉलेजों में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे अनुसूचित जाति के छात्रों के कल्याण के लिए समेकित वजीफा योजना | 278 | 12000/— |
| 2. | सरकारी कॉलेजो के अनुसूचित जाति के छात्रों को पुस्तकें प्रदान करना | 278 | 2000/— |
| 3. | अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए मैट्रिक के बाद छात्रवृति योजना | 64 | 8000/— |
| 4. | हरियाणा सरकार द्वारा स्नातक स्तर की शीर्ष 10 छात्राओं के | 07 | 3000/— |
| 5. | हरियाणा राज्य मेधावी प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना | 06 | 5000/— for 1st position 3000/- for 2nd position 2000/- for 3rd Position |
| 6. | राज्य मेरिट छात्रवृति | 04 | 3600/- for UG 5400 for PG |
| 7. | नेशनल छात्रवृति पोर्टल | 12 | 12000/- |
| 8. | स्वतंत्रता सेनानियों के पोते—पोतियों के लिए समेकित वजीफा योजना | 01 | 14000/- |

# महाविद्यालय पुस्तकालय

पुस्तकालय शिक्षा व्यवस्था की रीड की हड्डी माना जाता है जिसके माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति अपने ज्ञान की पिपासा को शांत कर सकता है। प्रत्येक राष्ट्र की सांस्कृतिक और ज्ञान– विज्ञान विकास के लिए पुस्तकालय की बहुत आवश्यकता है। इसी कड़ी मे छात्राओं के लक्ष्य और पाठ्यक्रम की जरूरतों को पूरा करने के लिए महाविद्यालय में पुस्तकालय की एक अहम भूमिका होती है। इसी भूमिका को सुदृढ़ करने के लिए हमारे पुस्तकालय में छात्राओं के पाठ्यक्रम व उनके उज्ज्वल भविष्य से संबधित पुस्तकों की प्रचुरता है। यहाँ करीबन 10530 पुस्तकें हैं, जो महाविद्यालय की छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए पूर्णतया सक्षम बनाती हैं। महाविद्यालय के पुस्तकालय मे Book Issue - Return कार्य पूर्णतया ऑनलाइन/स्वचालित है। जोकि Soul 3.0 सॉफ्टवेयर के माध्यम से संचालित होता है। पुस्तकालय से UG के छात्राओं को 2 पुस्तक 14 दिन के लिए Issue की जाती है। तथा PG के छात्राओं को 3 पुस्तक 14 दिन के लिए Issue की जाती हैं। दोबारा से वही पुस्तक लेनी हो तो पुस्तकालय से Renewal करानी होती हैं। पुस्तकालय से पुस्तक Issue व Return कराने का समय 12.00 pm से 2.00 pm तक होता हैं। ये सब कार्य महाविद्यालय के कार्य दिवस पर होते हैं। इस सत्र से महाविद्यालय में e-library भी शुरू हो चुकी हैं। जिसके अन्दर 6 कम्प्यूटर मेज व कुर्सी सहित उपलब्ध हैं। e-library से आप अपनी पाठ्य सामग्री या e-Book किसी भी साईट से खोज सकते हैं। e-library में एक छात्रा को एक घंटे का समय दिया जाता हैं। उस एक घंटे में छात्रा अपना पाठन कर सकती हैं। पाठ्य सामग्री के अलावा अन्य कार्य e-library में नहीं कर सकते हैं। पुस्तकालय द्वारा INFLIBNET UGC से दो वर्ष के लिए N & LIST सब्सक्रिप्शन और नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी का सब्सक्रिप्शन लिया गया है। इसका उपयोग करने के लिए आपको एक फॉर्म पुस्तकालय में जमा करना होगा फॉर्म पुस्तकालय में ही मिलेगा इसके बाद आप इन सबका लाभ उठा सकते हैं। छात्राओं के ज्ञान में वृद्धि व प्रतिस्पर्धा की भावना को विकसित करने के लिए उच्चतर शिक्षा निदेशालय द्वारा निर्देशित राष्ट्रीय स्तर की साप्ताहिक व मासिक पत्रिकाएँ उपलब्ध करवाई गई हैं। पुस्तकालय में मासिक पत्रिकाएँ जैसे – योजना, कुरुक्षेत्र, प्रतियोगिता दर्पण, CSR हिंदी, इंग्लिश दोनों भाषाओं में हैं, तथा एक मुख्य पत्रिका UGC& CARE List – Social Sciences उपलब्ध हैं। और पुस्तकालय में महाविद्यालय के कर्मचारियों और छात्राओं के लिए 6 तरह के अख़बार दैनिक जागरण दैनिक भास्कर, पंजाब केसरी, हरिभूमि, अमर उजाला, Times of India आदि अखबारों की सुविधा उपलब्ध हैं। पुस्तकालय के अन्तर्गत तीन अध्ययन कक्ष की स्थापना गई है अब 2024–25 के बजट के दौरान एक नवीकरण अध्ययन कक्ष का निर्माण किया है। जिसमे एक साथ 50 छात्राए व अध्यापक अध्ययन कर सकते है। इस अध्ययन कक्ष में कम्प्यूटर भी रखे है। कम्प्यूटर के माध्यम से छात्राए व अध्यापक अपने विषय से संबंधित online सर्च कर सकते है। जिसका उद्देश्य छात्राओं व अध्यापको को एकाग्रचित अध्ययन करने के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करना है। एक समय पर पुस्तकालय मे 200 छात्राएँ बैठकर अध्ययन कर सकती है। इसके अलावा पुस्तकालय सीसीटीवी कैमरा, वाई – फाई, ए.सी, वाटर डिस्पेंसर आदि सुविधा से लैस है। पुस्तकालय में ही महाविद्यालय की छात्राओं तथा कर्मचारियों के पहचान–पत्र (i-card ) बनाने की सुविधा उपलब्ध हैं। पुस्तकालय प्रभारी डॉ. चंद्र शेखर की देख–रेख में पुस्तकालय का कार्य सोनू शर्मा जूनियर लाइब्रेरियन और राजेश दलाल पुस्तकालय सहायक के द्वारा सुचारु रूप से किया जाता हैं।





## सूचना प्रौद्योगिकी सुविधा

डिजिटल इंडिया और विकसित भारत @ 2047 को सफल बनाने हेतु महाविद्यालय में दो कंप्यूटर प्रयोगशाला स्थापित की गई है। इस वर्ष 35 नए कम्प्यूटर विभाग से प्राप्त हुए जिससे अब 105 कंप्यूटर तथा इंटरनेट की सुविधा विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही है। श्रीमान सतीश कुमार इस प्रयोगशाला के नोडल अधिकारी है।जिसकी देखरेख में दो कंप्यूटर अनुदेशक श्री आनंद एवं श्रीमती प्रियंका और एक लैब अटेंडेंस श्री रवि पूर्ण लगन, निष्ठा एवं ईमानदारी से छात्राओं को कंप्यूटर शिक्षा नियमित रूप से दे रहे हैं।

महाविद्यालय की दोनों कंप्यूटर लैब पूर्ण रूप से इंटरनेट, एयर कंडीशनर व पावर बैकअप की सुविधा से लैस है। कंप्यूटर लैब इंटरनेट लीज लाइन और वाईफाई की सुविधा से सुसज्जित है और कंप्यूटर की नेटवर्किंग की गई है और आज के इस वैज्ञानिक युग में कंप्यूटर की महत्ता को देखते हुए विद्यालय की बीए, बीकॉम, बीएससी की प्रथम वर्ष की सभी छात्राओं को बेसिक कंप्यूटर की जानकारी देने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रत्येक लैब में पावर पॉइंट प्रेजेंटेंशन के लिए एलसीडी प्रोजेक्टर की सुविधा उपलब्ध है। व्यवहारिक कार्य को चलाने के लिए प्रयोगशाला का अच्छी तरह से रख रखाव किया जाता है महाविद्यालय में चार स्मार्ट क्लास रूम है जिनके माध्यम से छात्राओं को नवीनतम आईसीटी संसाधनों में ऑनलाइन टीचिंग टूल्स का उपयोग करते हुए टीचिंग लर्निंग को सुगम बनाया जाता है।



**कम्प्यूटर लैब में छात्राएं ।**



**कम्प्यूटर लैब में छात्राएं ।**

## राष्ट्रीय सेवा योजना

महाविद्यालय की छात्राओं की मांग को देखते हुए गत वर्ष एन. एस. एस. की एक और युनिट शुरू की गई। जिसकी प्रभारी श्रीमती मोनिका बनाई गई तथा प्रथम यूनिट की प्रभारी डॉ. प्रीती कुमारी है। 18 जुलाई, 2024 को प्राचार्या के निर्देशन में "एक पेड़ माँ के नाम" नामक अभियान चलाया गया। जिसमें गुलाब, अनार, अमरूद आदि प्रकार के पेड़–पौधे महाविद्यालय के प्रांगण में लगाए गए। 13–15 अगस्त, 2024 तक "हर घर तिरंगा" नामक अभियान चलाया गया। इसमें प्राचार्या संतोष हुड्डा व अतिथि सुभाष जून (एस. डी. एम.) की उपस्थिति रही।

17 सिंतबर, 2024 को "वृक्षारोपण पर एक दिवसीय" विशेष अभियान मनाया गया।



जिसमें 60 एन. एस. एस. स्वयं सेवक व आउटरीच सेवकों ने सहयोग किया। इसका उद्देश्य वृक्षारोपण अभियान को मजबूत करना है।

24 सितंबर, 2024 को एन. एस. एस. दिवस मनाया गया जिसमें "हमारी पृथ्वी हमारी जिम्मेदारी है और इसकी रक्षा करना हमारे लिए आवश्यक है।" इस विषय पर जोर दिया गया।

18 सिंतबर, 2024 को नेशनल डी–वर्मिंग डे व 24 सिंतबर, 2024 को 'मॉप अप' दिवस मनाया गया।

25 अक्तूबर, 2024 को एनएसएस वन डे कैंप चला। जिसकी थीम रही – पराली जलाने के बारे में जानकारी और पटाखे को ना कहना।

23 दिसम्बर, 2024 को एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा गढ़ी सांपला में ऊनी कपड़े और जरूरतमंद लोगों के बीच भोजन का वितरण किया गया।

30 जनवरी, 2025 को एनएसएस के एक दिवसीय कैंप चला। जिसका मुख्य उद्देश्य रहा – "पेडों और पौधों की देखभाल और पर्यावरण संरक्षण"।




डॉ0 प्रीती और डॉ0 मोनिका के दिशानिर्देशन में 28 फरवरी, 2025 – 6 मार्च, 2025 तक एन. एस. एस. सात दिवसीय कैंप चलाया गया। जिसमें एनएसए यूनिट 1 और यूनिट 2 के स्वयंसेवकों की भागीदारी रही। जिसमें कविता, पोस्टर बनाना प्रतियोगिता रखी गई। इस कैंप की शुरूआत प्राचार्या डॉ0 संतोष हुड्डा द्वारा की गई। इसमें कैंप के द्वारा कई प्रकार के प्रोग्राम चलाये गए जैसे "Say No to Drugs" रैली निकाली गई। "Traffic Rules" पर नुक्कड़ नाटक किया गया। तीन दिवसीय मेडिटेशन लेक्चर चला। जरूरतमंद बच्चे व बड़े बुजुर्गों को वस्त्र व भोजन का वितरण किया गया। कई थीमस पर लेक्चर भी हुए जिसमें Digital Literacy, Digital Payment, Cyber Security, Crime against Women and Child Harasment आदि विषय रहे। गाँव के बुजुर्ग व्यक्तियों से स्वयंसेवकों ने मुलाकात की और उनके अनुभव व चुनौतियाँ जानी। कैंप के दौरान ही एक दिवस रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें कुल 32 युनिट रक्तदान हुआ। स्वयंसेवकों, ग्रामीण पुरुष व महिलाओं द्वारा, महाविद्यालय स्टाफ द्वारा, डॉ0 प्रीती एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर द्वारा भी रक्तदान किया गया।

---

## राष्ट्रीय कैडेट कोर (एन.सी.सी) 2024-25

महाविद्यालय में 54 एन. सी. सी. कैडेट्स की युनिट 2 हरियाणा कन्यावाहिनी के अंतर्गत आबंटित है। एन. सी. सी. युनिट का नेतृत्व



लेफ्टिनेंट सपना के द्वारा किया जाता रहा है। सत्र 2024–25 में एन.सी.सी. के तत्वावधान में निम्नलिखित गतिविधियाँ आयोजित हुई।

सितंबर, 2024 में एन.सी.सी की 24 सीटों के लिए प्रथम वर्ष की छात्राओं का एनरोलमेंट किया गया।

2–14 सितबंर तक महाविद्यालय की दो एन. सी. सी. कैडेटस (सलोनी एवं बबीता) ने ए. एन. ओ. सपना के साथ बेसिक लीडरशिप कैंप (मलोट, पंजाब) में भाग लिया।

महाविद्यालय की कैडेट सलोनी ने एडवांस लीडरशिप कैंप (मलोट, पंजाब) में 14–25 अक्तूबर, 2024 के दौरान हिस्सा लिया।

महाविद्यालय की एन. सी. सी. कैडेटस ने

सांपला ब्लॉक स्तर पर आयोजित गणतंत्र दिवस कार्यक्रम (2025) में परेड़ में भाग लिया तथा प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।
फरवरी, 2025 में 17 एन. सी. सी. कैडेटस ने 'सी' सर्टिफिकेट के लिए एवं 15 कैडेटस ने 'बी' सर्टिफिकेट के लिए परीक्षा दी।



## SVEEP गतिविधि रिपोर्ट (2024–25)

महाविद्यालय में इलेक्टोरल क्लब के तत्वावधान में वर्ष भर विभिन्न मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया जिनका ब्यौरा निम्नांकित है।
जुलाई से सितम्बर माह तक इलेक्टोरल क्लब ने छात्राओ के वोटर आईडी कार्ड बनवाने के लिए एक अभियान चलाया जिसमें लगभग 400 छात्राओं के वोटर कार्ड बनाए गए।
18 सितम्बर, 2024 को इलेक्टोरल क्लब के तत्वावधान में मतदाता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 250 छात्राओं एवं 50 स्टाफ सदस्यों ने हिस्सा लिया।
26 सितम्बर, 2024 को इलेक्टोरल क्लब के द्वारा अक्तूबर में होने वाले विधानसभा चुनावों के संदर्भ में एक मतदाता हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।
25 जनवरी, 2025 को इलेक्टोरल क्लब के द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया इस अवसर पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं श्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

## प्लेसमेंट सेल

• 29 अगस्त, 2024 : अर्थशास्त्र के क्षेत्र में प्रतिष्ठित शिक्षाविद् एसोसिएट प्रोफेसर सत्यवान जतैन द्वारा ''अर्थशास्त्र में कैरियर पथ'' पर एक विस्तार व्याख्यान दिया गया।

• 30 अगस्त, 2024 : स्नातक डिग्री के बाद कैरियर के अवसर पर एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य छात्रओं को उनकी स्नातक डिग्री पूरी करने के बाद उपलब्ध विविध कैरियर पथों के बारे में



जानकारी प्रदान करना था।

• 17 फरवरी, 2025 : डॉ. शिल्पी द्वारा एक विस्तार व्याख्यान दिया गया, जिससे गैर–गणित छात्रओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के गणितीय खंड में सफलता प्राप्त करने में मदद मिली।

• 17 फरवरी, 2025 : डॉ. दीपक लठवाल ने एक विस्तार व्याख्यान दिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रओं को व्यक्तित्व विकास के प्रमुख पहलुओं, जैसे आत्म–जागरूकता, संचार कौशल, आत्मविश्वास निर्माण और पेशेवर शिष्टाचार के बारे में जानकारी प्रदान करना था।



# नशा विरोधी जागरुकता सेल

प्रभारी डॉ० पदमा दलाल की देखरेख में नशा बिरोधी जागरुकता सेल ने दिनाँक 12 अगस्त 2024 को अर्न्तराष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में एक संगोष्ठी का आयोजन किया जिसमें मुख्य वक्ता महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के मनोविज्ञान विभाग से डॉ. बिन्दु अहलावत रही।

07.09.2024 को अंतर–महाविद्यालय पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

14.10.2024 को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाना और छात्राओं को इसके दुष्प्रभाव के प्रति सजग करना था।

23.11.2024 को सांपला गाँव में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। छात्राओं ने नाटक के माध्यम से नशे व ड्रग्स से होने वाली बीमारियों जैसे – कैंसर, टी.बी, लीवर खराब होना इत्यादि के बारे में विस्तार से जानकारी दी।














## आंतरिक गुणवता आश्वासन प्रकोष्ठ
## IQAC & NAAC

महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गुणवता को बढाने के लिए महाविद्यालय की IQAC एवं NAAC कमेटी डॉ0 पदमा दलाल के नेतृत्व में एक सक्रिय भूमिका निभा रही है। गत सत्र 2024–25 में इस कमेटी के सदस्यों में डॉ0 अनिल कुमार, डॉ0 ऋतु, श्रीमती ममता, डॉ0 मीनाक्षी, श्री कृष्ण कुमार, डॉ0 सीमा रंगा, श्रीमती मोनिका, डॉ0 प्रीति कुमारी के सहयोग से महाविद्यालय की सत्र 2023–24 की AQAR 26 January, 2025 को सफलतापूर्वक NAAC




पोर्टल पर अपलोड की गयी इस कमेटी द्वारा तीन दिवसीय दिनांक 4 फरवरी – 6 फरवरी, 2025 को ऑडिट कार्य प्रणाली के सम्बन्ध में HIPA के सहयोग से महाविद्यालय में Training Programme E-Finance के शीर्षक पर एक कार्यशाला का सफल आयोजन हुआ जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्या, वित अनुदेशकों, प्राध्यापकों, प्रशासनिक कर्मचारियों ने भाग लिया।

दिनांक 8 फरवरी, 2025 को IQAC के तत्वावधान में Low Cost Model making by Agusta International Foundation द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसके अलावा महाविद्यालय के प्राध्यापक व प्राध्यापिकाओं के API स्कोर का मूल्यांकन में IQAC Team ने भूमिका निभायी। महाविद्यालय की विभिन्न सेल्स द्वारा आयोजित गतिविधियों का निरीक्षण IQAC ने समय–समय पर किया व उपयुक्त जरूरी सुझाव भी दिए। स्टाफ सदस्यों की कार्यशाला सेमिनार, ट्रेंनिग आदि में भागीदारी का ब्यौरा भी दर्ज करवाया।

## एलुमनाई एसोसिएशन

महाविद्यालय में सन् 2020 से पंजीकृत एलुमनाई एसोसिएशन है जिसमें 11 फाउंडिंग सदस्य है। एसोसिएशन की कार्यकारी समिति में डॉ0 चन्द्रशेखर, डॉ0 सविता, श्रीमती ममता, डॉ0 इंदुबाला व डॉ0 नीतू शामिल है। इसका मुख्य उद्देश्य पूर्व और वर्तमान छात्राओं के बीच मध्यस्थता बनाये रखना है ताकि पूर्व छात्राओं के अनुभवों को अपनाकर वर्तमान में दाखिल छात्राएँ लाभान्वित हो सकें। एसोसिएशन लगभग प्रतिवर्ष एलुमनाई मीट का आयोजन करती है जिसके माध्यम से महाविद्यालय पूर्व छात्राओं के सम्पर्क में रहता है। समय–समय पर एसोसिएशन मीटिंग भी करती है और उन बिंदुओं पर चर्चा करती है जिससे संस्था की उन्नति में सहयोग मिलता है। एसोसिएशन का यह भी प्रयास रहता है कि एलुमनाई ज्यादा से ज्यादा वित्तिय सहायता प्रदान करें जिससे महाविद्यालय का विकास हो सके। सत्र 2022–2023 से एलुमनाई से महाविद्यालय की वेबसाइट पर फीडबैक फॉर्म भरवाया जाता है जिसकी रिपोर्ट का प्रयोग शिक्षा के साथ–साथ प्रत्येक क्षेत्र में गुणवत्ता बढ़ाने के लिए किया जाता है।

## सांस्कृतिक गतिविधियाँ

प्रभारी श्रीमती सविता हुड्डा के नेतृत्व में महाविद्यालय की सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति ने वर्ष भर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया। महाविद्यालय द्वारा दिनांक 15–16 अक्टूबर को प्रतिभा खोज कार्यक्रम "उमंग" का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ0 विनिता हुड्डा, डीन कॉलेज डेवलपमेंट काउंसिल (वनस्पति विज्ञान विभाग)



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक द्वारा शिरकत की। कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों जैसे कविता पाठ, पोस्टर मेंकिंग, स्लोगन, रंगोली, मेंहदी, प्रश्नोत्तरी, बेस्ट आउट वेस्ट, हरियाणवी, पंजाबी, गुजराती, राजस्थानी, मराठी, बॉलीवुड नृत्य, फैशन शो का आयोजन किया गया। 26 अक्तूबर, 2024 को महाविद्यालय में सांस्कृतिक समिति द्वारा "दीपावली पर्व" मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ0 शमशेर हुड्डा (राजकीय



महाविद्यालय बरौदा) रहे। कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों जैसे हरियाणवी, राजस्थानी, गुजराती नृत्य तथा विभिन्न खाद्य–पदार्थो जैसे हरियाणवी व्यंजन में (बाजरे की रोटी, सरसों का साग, मक्के की रोटी), राजस्थानी व्यंजन में (दालभाटी–चूरमा), गोलगप्पे, टिक्की, सैंडविच बनाये गये। इसके अतिरिक्त विभिन्न दीये, कलश भी साज–सज्जा के साथ तैयार किये गये। दिनांक 13.11.2024 से 15.11.2024 को महाविद्यालय की छात्राओं ने जोनल यूथ फेस्टिवल "स्पंदन" में बढ़–चढ़ कर भाग लिया। इसका आयोजन पं0 नेकीराम राजकीय महाविद्यालय, रोहतक द्वारा किया गया। इसमें महाविद्यालय की बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा चंचल शर्मा ने "मौखिक प्रस्तुति" में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 18,19, 20 नवम्बर, 2024 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में 43वें इंटर जोनल यूथ फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय की छात्रा चंचल शर्मा ने "मौखिक प्रस्तुति" में द्वितीय स्थान




हासिल किया। 14 व 15 फरवरी, 2025 को सांस्कृतिक कार्यक्रम "नवरंग" का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि माननीय पदमश्री महावीर गुडडू जी (लोक कलाकार हरियाणा) व चौधरी पिंकी रहे। जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने अपनी प्रतिभा के रंग बिखेरे। इस कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों जैसे रंगोली, हरियाणवी डांस, कविता पाठ, पोस्टर मेकिंग, पंजाबी डांस, फैंसी ड्रैस आदि के माध्यम से अपनी प्रतिभा को निखारने का छात्राओं को पुनः अवसर मिला।

## विश्वविद्यालय आउटरीच प्रकोष्ठ

यह प्रकोष्ठ आउटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत गोद लिए हुए गांव गढी सांपला में डॉ. सविता हुड्डा के नेतृत्व में अनेक गतिविधियाँ आयोजित करता है जो ग्रामवासियों के विकास व उन्हे जागरूक करने में विशेष भूमिका निभाता है। वर्ष 2024–25 में इसी प्रकार की अनेक गतिविधियाँ आयोजित की गई जो इस

प्रकार है –

- दिनांक 13.08.2024, 17.09.2024 को 'एक पेड़ माँ के नाम' के अन्तर्गत पौधा–रोपण किया गया।
- 24.09.2024 को पर्यावरण संरक्षण पर एक एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया।
- 23.10.2024 को एक दिवसीय मणिपाल अस्पताल दिल्ली के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर गोद लिए गए गाँव कुलताना में लगाया गया।
- 

  दिनांक 19.11.2024 से 25.11.2024 को साम्प्रदायिक सद्भाव सप्ताह के अन्तर्गत महिला स्वच्छता, रैली, भाषण प्रतियोगिता, निबन्ध प्रतियोगिता, कहानी लेखन प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, विस्तार व्याख्यान, अलग–अलग गोद लिए गए गाँव में पौधा–रोपण, झंड़ा दिवस आदि गतिविधियां करवाई गई।



- दिसम्बर माह में गाँव गढ़ी सांपला की झुग्गी बस्तियों में गर्म कपड़े व खाद्य सामग्री का वितरण आदि किया गया।
- दिनांक 20.02.2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांपला के सहयोग से एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर गोद लिए गए गाँ गढी सांपला में लगाया गया।

## महिला प्रकोष्ठ

- प्रभारी डॉ. रीतू की देखरेख में महिला प्रकोष्ठ ने वर्ष 2024–25 में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया।
- 6 अगस्त 2024 को तीज महोत्सव के अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- 24 अगस्त 2024 को जन्माष्टमी महोत्सव के अवसर पर गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महिला सेल ने महिला सशक्तिकरण पर एक कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें डॉ. निधि मित्तल, कॉलेज ऑफ लॉ ने मानवाधिकार पर व्याख्यान दिया।
- 29 नवंबर 2024 को महिला सेल ने स्वास्थ्य और स्वच्छता शिविर का आयोजन किया, जिसमें डॉ. ज्योति गुप्ता ने स्वास्थ्य और स्वच्छता पर विशेष व्याख्यान दिया।
- 09 जनवरी 2025 को महिला सेल ने साइबर अपराध पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया, जिसमें सब इंस्पेक्टर राजेश, (साइबर सेल , पुलिस स्टेशन, सांपला) ने छात्राओं को साइबर अपराध के खतरों और परिणामों के बारे में जागरूक किया।
- 8 जनवरी से 13 जनवरी 2025 तक 5 दिवसीय नृत्य कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- 3 फरवरी से 8 फरवरी 2025 तक व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम का आयोजन

